# 1 18वीं सदी का राजस्थान

## अभ्यास प्रश्न

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर के विकल्प को कोष्ठक में लिखिए—**

**1. निम्न में से हुरड़ा सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की थी?**

(अ) महाराणा जगतसिंह द्वितीय (ब) सवाई जयसिंह
(स) अभयसिंह (द) बख्तसिंह।

उत्तर—(अ)।

**II. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. मराठा शक्ति को सर्वप्रथम ........ ने संगठित किया।
2. राजस्थान के राज्यों में सर्वप्रथम 29 सितम्बर, 1803 को ........ ने अंग्रेजों के साथ संधि स्वीकार कर ली।

उत्तर—1. शिवाजी, 2. भरतपुर राज्य।

**III. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न—**

**प्रश्न 1. पेशवा बाजीराव की मराठा नीति क्या थी?**

**उत्तर**—पेशवा बाजीराव ने उत्तर भारत में विस्तार की नीति अपनाई।

**प्रश्न 2. राजस्थान में मराठों ने सर्वप्रथम कब व कहाँ प्रवेश किया?**

**उत्तर**—राजस्थान में सर्वप्रथम 1711 ई. में मराठों ने मेवाड़ में प्रवेश किया।

**IV. लघूत्तरात्मक प्रश्न—**

**प्रश्न 1. जयपुर उत्तराधिकार संघर्ष पर टिप्पणी लिखो?**

**उत्तर—जयपुर उत्तराधिकार संघर्ष**—उदयपुर के महाराणा अमरसिंह (द्वितीय) की पुत्री चंद्रकुंवर बाई का विवाह, सवाई जयसिंह के साथ 1708 ई. में इस शर्त पर हुआ कि, मेवाड़ की राजकुमारी से उत्पन्न पुत्र ही जयपुर के सिंहासन पर बैठेगा। 1743 ई. में सवाई जयसिंह की मृत्यु हो गई, तब मेवाड़ की राजकुमारी चंद्रकुंवर बाई से उत्पन्न पुत्र माधोसिंह ने अपने मामा महाराणा जगतसिंह (द्वितीय) के सहयोग से, सवाई जयसिंह के ज्येष्ठ पुत्र ईश्वर सिंह को चुनौती दी।

मराठा सरदार मल्हार राव होल्कर द्वारा माधोसिंह का पक्ष लिया गया। ईश्वर सिंह व माधोसिंह के मध्य 'राजमहल' और 'बगरू' के युद्ध हुए। अपने सेनापति हरगोविंद नाटाणी की कुटिलता के कारण, ईश्वरसिंह को आत्महत्या करनी पड़ी और माधोसिंह मराठों के सहयोग से जयपुर का शासक बन गया।

**प्रश्न 2. हुरड़ा सम्मेलन में क्या अहदनामा तैयार किया गया?**

**उत्तर—हुरड़ा सम्मेलन**—राजस्थान के राजपूत राजाओं ने, मराठों की बढ़ती शक्ति को रोकने के लिए 17 जुलाई 1734 को हुरड़ा (भीलवाड़ा) में एक सम्मेलन बुलाया, जिसकी अध्यक्षता मेवाड़ के महाराणा जगतसिंह (द्वितीय) ने की, इसमें आमेर के सवाई जयसिंह, जोधपुर के अभयसिंह, नागौर के बख्तसिंह, कोटा के महाराव दुर्जनशाल आदि शासकों ने भाग लिया।

इस सम्मेलन में एक अहदनामा तैयार किया गया, जिसमें यह निश्चित हुआ कि सभी एक दूसरे के साथ मिलकर रहेंगे, एक का शत्रु व मित्र दूसरे का शत्रु व मित्र होगा।' कोई भी नई योजना सभी मिलकर निश्चित करेंगे। वर्षा ऋतु के पश्चात रामपुरा में सभी एकत्र होंगे किंतु ये सभी शर्तें कागज तक ही सीमित होकर रह गईं, इसकी कोई पालना नहीं की गई। KK

# 2 1857 का स्वतन्त्रता संग्राम एवं राजस्थान

## अभ्यास प्रश्न

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर के विकल्प को कोष्ठक में लिखिए—**

**1. राजस्थान में 1857 ई. की क्रांति का प्रारम्भ सर्वप्रथम कहाँ हुआ?**

(अ) नीमच (ब) एरिनपुरा (स) नसीराबाद (द) कोटा

**2. ठाकुर कुशाल सिंह ने 1857 ई. में क्रांतिकारियों का नेतृत्व कहाँ किया?**

(अ) ब्यावर (ब) आउवा (स) भरतपुर (द) नीमच

उत्तर—1. (स), 2. (ब)।

**II. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

1. राजस्थान में 1857 ई. की क्रांति का शुभारम्भ ........ को हुआ।
2. खैरवाड़ा छावनी में ........ रेजीमेन्ट थी।

उत्तर—1. 28 मई 1857 2. भील।

**III. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न—**

**प्रश्न 1. राजस्थान में 1857 ई. के समय कौन-कौनसी सैनिक छावनियाँ स्थित थीं?**

**उत्तर**—1. नसीराबाद, 2. नीमच, 3. एरिनपुरा, 4. देवली, 5. ब्यावर, 6. खैरवाड़ा।

**प्रश्न 2. कोटा में 1857 ई. की क्रांति का नेतृत्व किसने किया?**
**उत्तर**—कोटा में विद्रोह—कोटा में क्रांति की शुरुआत, 15 अक्टूबर, 1857 ई. को लाला जयदयाल व मेहराब अली खां के द्वारा की गई। राजस्थान में सबसे ज्यादा सुनियोजित व सुनियंत्रित क्रांति कोटा में हुई। विद्रोही सैनिकों ने, कैप्टन बर्टन का सिर काटकर पूरे कोटा शहर में घुमाया। कोटा के महाराव रामसिंह (द्वितीय) को, क्रांतिकारियों के द्वारा कोटा दुर्ग में कैद कर दिया गया।

### IV. लघूत्तरात्मक प्रश्न—

**प्रश्न 1. राजस्थान में 1857 ई. की क्रांति के क्या कारण रहे थे?**
**उत्तर—कारण**—1. कम्पनी का राज्यों के आन्तरिक शासन में हस्तक्षेप। 2. राज्यों में उत्तराधिकार के प्रश्न पर असंतोष। 3. सामान्य जनता की अंग्रेज विरोधी भावना। 4. राज्यों के आर्थिक मामलों में हस्तक्षेप। 5. सामन्तों की विरोधी मनोदशा।

**तात्कालिक कारण**—भारत में 1857 ई. की क्रांति का तात्कालिक कारण, एनफील्ड राइफलों में प्रयुक्त कारतूसों में गाय एवं सूअर की चर्बी का प्रयोग किया जाना था, जिन्हें प्रयोग में लेने से पहले मुँह से खोलना पड़ता था।

**प्रश्न 2. आउवा के ठाकुर कुशालसिंह का 1857 ई. के संघर्ष में योगदान को स्पष्ट कीजिए।**
**उत्तर**—आउवा में क्रान्ति का नेतृत्व ठाकुर कुशालसिंह चम्पावत द्वारा किया गया। आउवा, आसोप, आलनियावास, लांबिया, गूलर, रूढ़ावास परगनों के सैनिकों ने, 8 सितम्बर 1857 ई. को बिठौड़ा (पाली) में कैप्टन हीथकोट व जोधपुर महाराजा तख्तसिंह की संयुक्त सेना को पराजित किया। 18 सितम्बर 1857 ई. को क्रान्तिकारियों तथा जोधपुर के पॉलिटिकल एजेन्ट मोकमैसन के बीच चेलावास का युद्ध हुआ। इस युद्ध में मोकमैसन का सिर काटकर आउवा किले के दरवाजे पर लटका दिया।

# 3 आधुनिक राजस्थान का निर्माण

## अभ्यास प्रश्न

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर के विकल्प को कोष्ठक में लिखिए—**

1. **संयुक्त वृहद् राजस्थान में कौनसा क्षेत्र शामिल नहीं था—**
   (अ) जोधपुर (ब) कोटा
   (स) किशनगढ़ (द) अजमेर-मेरवाड़ा
2. **संयुक्त राजस्थान के राजप्रमुख थे—**
   (अ) गोकुल लाल असावा (ब) भूपाल सिंह
   (स) मानसिंह द्वितीय (द) हीरालाल शास्त्री

**उत्तर**—1. (द), 2. (ब)।

**II. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

1. राजस्थान एकीकरण की प्रक्रिया......के प्रयासों से आगे बढ़ी। (सरदार वल्लभ भाई पटेल/लार्ड लिनलिथगो)
2. राजस्थान दिवस ........... को मनाया जाता है। (15 अगस्त/30 मार्च)

**उत्तर**—1. लार्ड लिनलिथगो, 2. 30 मार्च।

**III. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न—**

**प्रश्न 1. एकीकरण से पूर्व राजस्थान के केन्द्र शासित प्रदेश का नाम लिखिए?**
**उत्तर**—अजमेर-मेरवाड़ा।

**प्रश्न 2. राजस्थान-एकीकरण कितने चरणों में सम्पन्न हुआ?**
**उत्तर**—राजस्थान का एकीकरण सात चरणों में सम्पन्न हुआ।

**IV. लघूत्तरात्मक प्रश्न—**

**प्रश्न 1. राजस्थान एकीकरण से पूर्व की किन्हीं चार प्रमुख रियासतों के नाम बताइए।**
**उत्तर**—1. जयपुर, 2. जोधपुर, 3. उदयपुर, 4. बीकानेर।

**प्रश्न 2. मत्स्य संघ में कौन-कौनसी रियासतें शामिल थीं? नाम बताइए।**
**उत्तर**—मत्स्य संघ में अलवर, धौलपुर, भरतपुर व करौली आदि रियासतें शामिल थीं।

- **प्रायोजना कार्य—राजस्थान के एकीकरण के सात चरणों का चार्ट बनाकर कक्षा-कक्ष में प्रदर्शित कीजिए।**

**उत्तर—**

| चरण | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | चतुर्थ | पंचम | षष्ठम | सप्तम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य का नाम | मत्स्य संघ | पूर्व राजस्थान/ राजस्थान संघ | संयुक्त राजस्थान | वृहद् राजस्थान | संयुक्त वृहद् | राजस्थान | राजस्थान |
| गठन की तारीख | 17-18 मार्च, 1948 | 25 मार्च, 1948 | 18 अप्रैल, 1948 | 30 मार्च, 1949 | 15 मई, 1949 | 26 जनवरी, 1950 | 01 नवम्बर, 1956 |

- **गतिविधि—राजस्थान के राजनीतिक मानचित्र में इन जिलों को इंगित कीजिए—**

1. जैसलमेर 2. अजमेर 3. जयपुर 4. जोधपुर। (छात्र राजस्थान का राजनीतिक मानचित्र देखें और स्वयं करें।)

# 4 जनसंख्या

- **आओ अभ्यास करें**

**प्रश्न 1.** आपके जिले का नाम एवं उसकी जनसंख्या वृद्धि दर बताइए।

**प्रश्न 2.** आपके जिले की जनसंख्या वृद्धि दर की तुलना राजस्थान की कुल जनसंख्या वृद्धि दर एवं अन्य जिलों की जनसंख्या वृद्धि दर से सारणी बनाकर कीजिए।

**प्रश्न 3.** आपके जिले का नाम एवं उसका जनसंख्या घनत्व बताइए।

**प्रश्न 4.** आपके जिले की जनसंख्या एवं जनसंख्या घनत्व की तुलना राजस्थान की कुल जनसंख्या एवं जनसंख्या घनत्व से कीजिए।

**प्रश्न 5.** आपके जिले का नाम एवं उसका लिंगानुपात बताइए।

**प्रश्न 6.** आपके जिले के लिंगानुपात की तुलना राजस्थान के कुल लिंगानुपात एवं अन्य जिलों के लिंगानुपात से सारणी बनाकर कीजिए।

**प्रश्न 7.** आपके जिले का नाम एवं उसकी साक्षरता दर बताइए।

**प्रश्न 8.** आपके जिले की साक्षरता दर की तुलना राजस्थान की कुल साक्षरता दर एवं अन्य जिलों की साक्षरता दर से सारणी बनाकर कीजिए।

**नोट**—उपर्युक्त सभी प्रश्नों के उत्तर छात्र अपने जिले के अनुसार अध्यापक महोदय की सहायता से स्वयं लिखें।

## अभ्यास प्रश्न

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर के विकल्प को कोष्ठक में लिखिए—**

**1. राजस्थान में न्यूनतम लिंगानुपात किस जिले में है—**

(अ) कोटा (ब) धौलपुर (स) जोधपुर (द) अलवर।

**2. राजस्थान के किस भौगोलिक क्षेत्र में जनसंख्या घनत्व सबसे कम पाया जाता है—**

(अ) पूर्वी मैदान (ब) मरुस्थल प्रदेश

(स) हाड़ौती का पठार (द) अरावली पर्वतमाला।

**उत्तर**— 1. धौलपुर, (ब) मरुस्थल प्रदेश।

**III. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न—**

**प्रश्न 1. राजस्थान में सर्वाधिक एवं न्यूनतम साक्षरता वाले जिलों के नाम लिखिए।**

**उत्तर**—सर्वाधिक साक्षरता वाला जिला कोटा व न्यूनतम साक्षरता वाला जिला जालौर है।

**प्रश्न 2. राजस्थान में सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या किस जिले में पाई जाती है?**

**उत्तर**— कोटा।

**IV. लघूत्तरात्मक प्रश्न—**

**प्रश्न 1. राजस्थान में जनसंख्या के प्रादेशिक वितरण को समझाइए।**

**उत्तर**—राजस्थान में जनसंख्या का जिलेवार वितरण असमान है। 2011 के अनुसार जयपुर में राज्य की कुल आबादी का 10 प्रतिशत रहता है, वहीं जैसलमेर में 1 प्रतिशत से भी कम। राजस्थान में जनसंख्या घनत्व सबसे कम औसतन 130 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है। इस राज्य के पूर्वी समतल मैदानी क्षेत्र जैसे भरतपुर, अलवर, धौलपुर, जयपुर, दौसा, सवाई माधोपुर, टोंक, करौली, भीलवाड़ा आदि में राजस्थान के 20 प्रतिशत भाग पर 33 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है।

यहाँ जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक 332 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. अरावली के पर्वतीय भाग व दक्षिणी-पूर्वी पठारी प्रदेश में मध्यम जनसंख्या घनत्व पाया जाता है। मैदानी भाग में कृषि के उपयुक्त भौतिक परिस्थिति, समतल मैदान, पानी की उपलब्धता आदि सुविधाओं के कारण जनसंख्या अधिक पाई जाती है। जबकि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों एवं आधारभूत सुविधाओं की कमी के कारण मरुस्थलीय प्रदेश में जनसंख्या कम है।

**प्रश्न 2. राजस्थान की जनजातियों पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर**— राजस्थान में सर्वाधिक जनसंख्या मीणा जनजाति की है। यह जनजाति मुख्यतः जयपुर, दौसा, सवाई माधोपुर, करौली, अलवर, उरदयपुर, कोटा, बूँदी आदि जिलों में निवास करती है। भील राजस्थान की एक प्राचीन जनजाति है, जो मुख्यतः बाँसवाड़ा, डूँगरपुर, प्रतापगढ़, सिरोही आदि जिलों में निवास करती है। डामोर जनजाति डूँगरपुर जिले के सिमलवाड़ा क्षेत्र में पायी जाती है। गरासिया जनजाति मुख्यतः सिरोही जिले की आबू रोड एवं पिंडवाडा तहसीलों में मिलती है। डूँगरपुर, उदयपुर एवं पाली जिलों की सीमा पर भी गरासिया निवास करते हैं। साँसी जनजाति भरतपुर में पायी जाती है।

सहरिया जनजाति को भारत सरकार ने आदिम जनजाति समूह की सूची में शामिल किया है। यह बाराँ जिले के शाहबाद व किशनगंज तहसीलों में सर्वाधिक है।

KK

# 5 उद्योग

**प्रश्न 1. आप अपने गाँव/शहर या मोहल्ले के विभिन्न उद्योगों की सूची तैयार कीजिए। यह भी पता लगाइए कि इन विभिन्न व्यवसायों/उद्योगों के लिए कच्चा माल क्या है? यह कहाँ से आता है?**
उत्तर— विद्यार्थी अध्यापक की सहायता से स्वयं करें।

- **आओ अभ्यास करें—**

**प्रश्न 1. आपके दैनिक जीवन में उपयोगी ऐसी वस्तुओं की सूची बनाइए, जिनका निर्माण किसी उद्योग में हुआ है।**
उत्तर— पैन, कागज, टूथब्रश, साबुन, कपड़े आदि।

**प्रश्न 2. अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं की सहायता से, आपके जिले के प्रमुख उद्योगों की सूची बनाकर उनसे संबंधित जानकारी एकत्र कीजिए।**
उत्तर— विद्यार्थी अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं की सहायता से स्वयं करें।

## अभ्यास प्रश्न

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर के विकल्प को कोष्ठक में लिखिए—**

1. **निम्नलिखित में से कौनसा राजस्थान का सबसे प्राचीन उद्योग है—**
(अ) सूती वस्त्र उद्योग (ब) सीमेंट उद्योग
(स) चमड़ा उद्योग (द) शक्कर उद्योग
2. **चूना, पत्थर व जिप्सम का उपयोग किस उद्योग में किया जाता है—**
(अ) आभूषण उद्योग (ब) ग्रेनाइट उद्योग
(स) शक्कर उद्योग (द) सीमेंट उद्योग।

**उत्तर**—1. (अ), 2. (द)।

**II. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न—**

**प्रश्न 1. ग्रेनाइट उद्योग का सर्वाधिक विकास किस जिले में हुआ है?**
उत्तर— जालोर जिले में।

**प्रश्न 2. राजस्थान के किन्हीं चार कुटीर उद्योगों के उदाहरण दीजिए।**
उत्तर— हथकरघा उद्योग, ऊनी खादी उद्योग, चर्म उद्योग, मधुमक्खी पालन।

**III. लघूत्तरात्मक प्रश्न—**

**प्रश्न 1. राजस्थान की वस्त्र नगरी किसे कहा जाता है? और क्यों?**
उत्तर— राजस्थान की वस्त्र नगरी भीलवाड़ा को कहा जाता है। क्योंकि भीलवाड़ा राजस्थान का प्रमुख वस्त्र उत्पादक क्षेत्र है एवं सर्वाधिक वस्त्र निर्माण इकाइयाँ यहीं कार्यरत हैं।

**प्रश्न 2. राजस्थान के वृहद् उद्योगों का वर्णन कीजिए।**
उत्तर— **(i) सूती वस्त्र उद्योग**—यह राजस्थान का सबसे प्राचीन उद्योग है। इसकी पहली मिल अजमेर जिले के ब्यावर में 1889 में स्थापित हुई। वर्तमान में भीलवाड़ा प्रमुख वस्त्र उत्पादक क्षेत्र है। रँगाई-छपाई व बँधेज के लिए जयपुर, जोधपुर, चूरू, बीकानेर आदि हैं।
**(ii) सीमेंट उद्योग**—राज्य का पहला सीमेंट कारखाना 20वीं सदी के दूसरे दशक में बूँदी जिले में स्थित लाखेरी में खोला गया था। कच्चे माल की उपलब्धता के कारण चित्तौड़गढ़ जिला, सीमेंट उत्पादन के लिए आदर्श जिला माना जाता है। राज्य में बिड़ला सीमेंट वर्क्स (चित्तौड़गढ़), उदयपुर सीमेंट वर्क्स (उदयपुर), मंगलम सीमेंट (कोटा), जे.के. व्हाइट सीमेंट (नागौर), श्री सीमेंट (ब्यावर), जे.के. सीमेंट वर्क्स (निम्बाहेड़ा) आदि कई प्रमुख सीमेंट कारखाने हैं।
**(iii) शक्कर उद्योग**—चित्तौड़गढ़ जिले के भूपालसागर में राजस्थान की पहली शक्कर मिल 1932 ई. में 'द मेवाड़ शुगर मिल्स' निजी क्षेत्र में स्थापित की गई। राज्य में गंगानगर में एवं बूँदी जिले के केशोरायपाटन में चीनी मिलें स्थापित की गईं। इसके अलावा राज्य में धौलपुर, उदयपुर में काँच उद्योग, जयपुर, कोटा, भरतपुर, चित्तौड़गढ़, गंगानगर में वनस्पति घी उद्योग और नागौर में नमक उद्योग हैं।

KK

# 6 परिवहन एवं पर्यटन

- **आओ अभ्यास करें**

**प्रश्न 1.** राजस्थान के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग कौन-कौन से हैं? अपने शिक्षक एवं परिवहन मानचित्र की सहायता से पता लगाकर मानचित्र में दर्शाइए।

**प्रश्न 2.** आपके जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग/ राज्यीय राजमार्गों की सूची बनाकर उनके बारे में जानकारी एकत्र कीजिए।

**प्रश्न 3.** आपके जिले में स्थित भौगोलिक व प्राकृतिक पर्यटन स्थलों की सूची बनाकर उनसे संबंधित जानकारी एकत्रित कीजिए।

**प्रश्न 4.** आपके जिले में स्थित ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों की सूची बनाकर उनसे संबंधित जानकारी एकत्र कीजिए।

**प्रश्न 5.** आपके क्षेत्र में आयोजित होने वाले महोत्सवों की अपने शिक्षक एवं पत्र-पत्रिकाओं की सहायता से जानकारी एकत्र कीजिए।